RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार, 28 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 165 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## दुबई से आने वाली दो भारतीय महिलाओं से जब्त हुआ 24 कैरट सोना

### कीमत करीब 1 करोड़ 39 लाख, दोनों गिरफ्तार



**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग की टीम ने बुधवार को दुबई से आने वाली दो भारतीय महिला यात्रियों को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका। जांच करने पर उनके पास से 2.65 किलो ग्राम सोना (24 कैरट) मोम (वैक्स) के रूप में जब्त किया गया। इसकी कीमत करीब 1.39 करोड़ रुपये है। मोम के रूप में ये सोना उनके पैरों के चारों और लिपटा हुआ था। दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर, गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर एक किर्गिस्तानी महिला यात्री को रोका गया। महिला से करीब 7.5 किलो सोना जब्त किया गया। महिला के खिलाफ सोना तस्करी का मामला दर्ज कर दिया गया है।

## लाइसेंस रद्द करने का आधार बनने वाली रिपोर्ट जॉनसन एंड जॉनसन को देने का

# महाराष्ट्र सरकार को आदेश



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से जॉनसन एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड को सेंट्रल ड्रग लेबोरेटरी, कोलकाता की वह रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है, जिसके आधार पर राज्य सरकार ने जॉनसन बेबी पाउडर उत्पादन से संबंधित मुलुंड निर्माण इकाई का कॉस्मेटिक विनिर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति एन जे जामदार और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की अवकाशकालीन पीठ ने बुधवार को राज्य सरकार के दो आदेशों के खिलाफ कंपनी की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

एक आदेश 15 सितम्बर का था, जिसके जरिये लाइसेंस रद्द कर दिया गया था और दूसरा आदेश 20 सितंबर को जारी किया गया था, जिसके तहत बेबी जॉनसन पाउडर के उत्पादन और बिक्री तत्काल रोकने का आदेश दिया गया था। राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के संयुक्त आयुक्त और लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा आदेश पारित किए गए थे।


सरकार ने अपने आदेश सेंट्रल ड्रग लेबोरेटरी की रिपोर्ट के आधार पर किए, जिसमें पाया गया कि पाउडर में पीएच का निर्धारित स्तर मानक से अधिक है। कंपनी ने पहले महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री के समक्ष आदेशों को चुनौती दी, जो अपीलीय प्राधिकारी हैं। मंत्री ने 19 अक्टूबर को लाइसेंस रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा, जिसके बाद कंपनी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कंपनी ने अपनी याचिका में कहा है कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए आदेश पारित किए गए। इसमें कहा गया है कि उपनगरीय मुलुंड में अपनी निर्माण इकाई बंद होने से कंपनी को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। अदालत ने राज्य सरकार को कंपनी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय

## महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालात में किसानों की तुरंत मदद की जाए : सुले



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सरकार से वर्षा के कारण भारी नुकसान का सामना कर रहे किसानों को तत्काल मदद देने की मांग की। बारामती से सांसद सुले ने ट्वीट किया, ''महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में हुई भारी बारिश की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है और खेत झील में तब्दील हो गए हैं। मेरी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध है कि वे राज्य में बाढ़ की घोषणा करें।''उन्होंने आगे कहा कि किसानों के लिए दिवाली 'काली' रही क्योंकि वे समय से फसल की कटाई नहीं कर पाए और उनकी फसल बारिश की वजह से खेतों में ही सड़ गई। सुले ने कहा, '' राज्य में बाढ़ घोषित करने के साथ-साथ किसानों को सीधे वित्तीय मदद देने पर सकारात्मक होकर विचार करना चाहिए।'' उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह पश्चिमी और मध्य महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश की वजह से खरीफ की फसल को नुकसान पहुंचा है।

# बोरीवली के इस इलाके में पानी का संकट, नागरिक त्रस्त...!



**मुंबई :** मुंबई का जलापूर्ति करने वाले तालाब इस बार लबालब हो चुके हैं। तालाबों में इतना पानी है कि अगले साल अक्टूबर तक पानी की कोई कमी नहीं होगी। उसके बाद भी बोरीवली में लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ रहा है। बोरीवली में पानी नहीं होने से लोगों को गुस्सा बीएमसी प्रशासन के प्रति बढ़ता जा रहा है।

बोरीवली में दिवाली त्योहार के समय से ही लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। बोरीवली के रवि किरण सोसायटी, मकवाना नगर सोसायटी, सीतामहल सोसायटी, कार्टर रोड नंबर-5, ब्लू स्काय बिल्डिंग के अलावा कार्टर रोड नंबर 2, 3 और 4 में पिछले एक महीने से पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। पानी सप्लाई का प्रेशर नहीं होने से लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पानी की समस्या को लेकर आर मध्य वार्ड में बार-बार शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### अब आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे...!

स्थानीय निवासी संदेश जंगम ने कहा कि पानी की समस्या को लेकर हमने पूर्व नगरसेवक विद्यार्थी सिंह से मुलाकात की थी। विद्यार्थी सिंह ने भी बीएमसी से पानी की समस्या तुरंत हल करने के लिए अधिकारियों से मिले, लेकिन फिर भी पानी नहीं आ रहा है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि अब आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। आर-मध्य वार्ड जल विभाग के अधिकारी जानबूझकर पानी का प्रेशर कम कर देते हैं जिससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता हैं। तालाबों में पानी भरा होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिन इमारतों को ओसी नहीं है उन्हें बीएमसी पानी दे रही है, लेकिन वहीं जो टैक्स भर रहे हैं उनको पानी नहीं दिया जा रहा है।

# ठाणे में मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

## TMC कमिश्नर ने दिया ये बड़ा आदेश



**ठाणे :** ठाणे महानगरपालिका कमिश्नर अभिजीत बांगर ने स्वास्थ्य विभाग को आदेश देते हुए कहा है कि ठाणे महानगरपालिका अस्पतालों में आने वाले मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें महानगरपालिका के ही एंबुलेंस से किसी भी अस्पताल में भेजा जाएगा और इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क मरीज और उसके परिजनों से नहीं लिया जाएगा। कमिश्नर के इस निर्णय से महानगरपालिका के अस्पतालों की एंबुलेंस ऑन ड्यूटी रहेगी और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी। ठाणे महानगरपालिका कमिश्नर अभिजीत बांगर ने हाल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। जिसमें स्वास्थ्य सुविधा को और कैसे मजबूत बनाया जाए इस पर जोर दिया गया। इस मौके पर कमिश्नर बांगर ने बताया कि महानगरपालिका ने ठाणे में 12 से 18 आयु वर्ग के 100 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण का लक्ष्य निश्चित किया हैं।

### सीआर वाडिया अस्पताल में जल्द शुरू होगा लैब

ठाणे शहर को एक और केंद्रीय पैथोलॉजी लैब की जरूरत है इसलिए सीआर वाडिया अस्पताल में लैब के काम को तत्काल प्राथमिकता से शुरू करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। कमिश्नर ने कहा कि महानगरपालिका के सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हमारे सभी क्लीनिक सैंपल लेकर इस पैथोलॉजी लैब में जांच के लिए आएंगे। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को शहर में कितने मरीज आते हैं और उनका इलाज कैसा चल रहा है, इसकी रिपोर्ट भी देने का निर्देश दिया है। साथ ही कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को विश्वास दिलाया है कि स्वास्थ्य विभाग को किसी भी प्रकार से निधि की कमी नहीं होगी।

## संपादकीय / लेख



# राजनीति में मुद्राएं...!

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

राजनीति जब जनसेवा से इतर अपने लिए प्रतीक या मुद्दे खोजने लगती है, तो न केवल चिंता होती है, बल्कि अफसोस का भाव भी जागता है। क्या भारतीय मुद्रा पर किसी देव या देवी की मूर्ति का होना जरूरी है? क्या ऐसा होने से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा? क्या ऐसा होने से देश में माहौल दैवीय हो जाएगा? अब ऐसे कई सवाल उठाए जाने लगे हैं, जिनके लिए हमारे लोकतंत्र में न जगह है और न समय। देश के संविधान की यही भावना है कि कोई भी राजनीतिक दल वोट के लिए धर्म या उसके प्रतीकों का इस्तेमाल न करे। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां शासन-प्रशासन या राजनीति को किसी एक धर्म के प्रति विशेष झुकाव नहीं रखना चाहिए। मुद्रा पर महात्मा गांधी के फोटो का औचित्य समझा जा सकता है, लेकिन अगर वहां देवताओं की तस्वीरें लगेंगी, तो एक नया सिलसिला शुरू होगा। अन्य धर्मों की ओर से भी ऐसी ही मांग उठेगी और शायद मुद्रा का धार्मिकीकरण हो जाएगा। जो दल मुद्रा पर देव-देवी की तस्वीरों के पक्षधर हैं, उन्हें संविधान की रोशनी में व्यावहारिक तर्क के साथ ही अपने दावे को बल देना चाहिए। भारत में डाक टिकट जारी करते हुए भी बहुत सावधानी बरती गई है। रामायण शृंखला के टिकट जारी हुए करीब पांच साल बीते हैं। धार्मिक संतों पर टिकट जारी हुए हैं, पर इसमें भी काफी सावधानी से काम लिया गया है, लेना भी चाहिए। थाईलैंड या इंडोनेशिया जैसे देशों की बात अलग है, जहां कुछ धर्मों को आधिकारिक रूप से मान्यता मिली हुई है और उन धर्मों के प्रतीकों वाली मुद्रा भी चलन में रही है। वैसे भारत में देवताओं की तस्वीर वाली मुद्राओं की मांग नई नहीं है। यह तर्क पुराना है कि ज्ञान, कला और विज्ञान के देवता के रूप में भगवान गणेश के फोटो को भारतीय मुद्रा पर चित्रित किया जा सकता है। धन की देवी लक्ष्मी को भी मुद्राओं पर दशार्या जा सकता है। लेकिन हम अच्छे से जानते हैं कि भारत में एक समुदाय की धार्मिक भावना दूसरे समुदाय को आहत कर देती है और इसीलिए ऐसे किसी फैसले से बचना चाहिए। एक मांग तो यह भी है कि नोटों पर किसी इंसान की तस्वीर न रहे, यह भी विमर्श का विषय है।

बहरहाल, क्या हमें इंडोनेशिया सरकार से सीखना चाहिए? ध्यान रहे कि आधिकारिक तौर पर वहां छह धर्मों को मान्यता मिली हुई है, जबकि भारत में किसी धर्म को आधिकारिक मान्यता नहीं है। विवाद  से बचने के लिए ही संविधान निमार्ताओं ने न तो ईसाई परंपरा का ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया और न सनातन परंपरा का विक्रम संवत। हमने शक संवत को आधिकारिक मान्यता दी। हां, इंडोनेशिया का हमें अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि वहां की राजनीति या नीतियां कट्टरता को पोषित नहीं करती हैं। वहां लगभग 87 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, वह सबसे अधिक आबादी वाला मुस्लिम राष्ट्र है। वहां महज 1.7 प्रतिशत आबादी हिंदू है। फिर भी उस देश की मुद्राओं पर शिव, गणेश इत्यादि के चित्र मिल जाते हैं। पर ध्यान रहे, भारत और इंडोनेशिया में अंतर है। यहां विभिन्न धर्मों में लोगों की सोच परस्पर उस तरह मेल नहीं खाती, जिस तरह इंडोनेशिया में हम देखते हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एमएमआरडीए पर मुंबई के बाहर इंफ्रा प्रोजेक्ट का भार...!

## सीएम के गढ़ में 18,000 करोड़ की योजनाएं

**मुंबई :** राज्य में सरकार बदलते ही विभिन्न विभागों की प्राथमिकताएं भी बदल गई हैं। मुंबई में मेट्रो, एमटीएचएल, एक्सप्रेस-वे सहित कई इंफ्रा प्रोजेक्ट को गति देने वाले एमएमआरडीए का ध्यान अब ठाणे, पालघर जिले की इंफ्रा योजनाओं पर होगा। उल्लेखनीय है कि एमएमआरडीए के अंतर्गत मुंबई के साथ ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिले के इलाकें आते हैं। इन जिलों में तेजी से शहरीकरण हुआ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ कहे जाने वाले ठाणे और पालघर जिले को विशेष सौगात मिल रही है। एमएमआरडीए के माध्यम से सीएम के ठाणे जिले में लगभग 18,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। हाल ही में हुई एमएमआरडीए प्राधिकरण की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से




अब एमएमआरडीए को अपना ध्यान इस तरफ लगाना होगा। बताया गया कि एमएमआरडीए ठाणे में लगभग 21 परियोजनाओं पर काम करेगा। इसमें कल्याण, ठाणे, नवी मुंबई और पालघर में सड़कों, क्रीक ब्रिज, फ्लाईओवर, मेट्रो परियोजनाओं के काम शामिल हैं।

महानगरपालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में काम ठाणे जिले में कई महानगरपालिका, नगरपालिका क्षेत्र के साथ ग्रामीण इलाके भी आते हैं। बढ़ती आबादी के साथ यहां सड़क यातायात की समस्या बढ़ी हैं। कल्याण के स्थानीय सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की मांग पर एमएमआरडीए ने 443 करोड़ रुपए की लागत से कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में 36 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को दी हरी झंडी दी हैं। इसी तरह कल्याण से मानकोली (बापगांव) तक गांधारी क्रीक पर मौजूदा दो-डेक पुल का चार-डेकिंग, गांधारी ब्रिज से नेशनल हाइवे 3 तक टू-लेन सड़क को फोर-लेन बनाया जाएगा। ठाणे में भी 481 करोड़ रुपए की लागत से येउर में पहाड़ी के नीचे से सड़क का निर्माण होगा।

भिवंडी से जुड़ेगा गायमुख घोड़बंदर रोड के गायमुख को भिवंडी से जोड़ने का प्लान भी एमएमआरडीए के जिम्मे है। इसके लिए तीन खाड़ी पुल जिसमें गायमुख से पायेगांव,कसारवडवली से खारबाव (भिवंडी) खाड़ी पुल और कोल्शेत से काल्हेर खाड़ी पुल का प्लान बनाया गया है ।ठाणे कोस्टल रोड, शिलफाटा से मनकोली तक 9 किमी सड़क का निर्माण, पालघर में मोरवे सातपाटी ब्रिज, दहिसर से महापे तक नई सुरंग,द हिसर से मुरबाड रोड,-टिटवाला से बदलापुर रोड का चौड़ीकरण, वसई से पालघर तक क्रीक पर डबल डेक ब्रिज आदि योजनाओं पर एमएमआरडीए को काम करना होगा।

# रावसाहेब दानवे का बड़ा बयान...!

## शिंदे गुट में बगावत को लेकर कही ये बड़ी बात...!




**महाराष्ट्र :** केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने बृहस्पतिवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना गुट के कुछ विधायक भारतीय जनता पार्टी में विलय करने की मंशा से बगावत कर अलग समूह बना सकते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह के कदम उठाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शिंदे गुट और उनकी पार्टी का गठबंधन है और राज्य सरकार सुचारू व प्रभावी तरीके से काम कर रही है। इन कयासों के बारे में पूछे जाने पर दानवे ने दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के विधायक बगावत करने वाले हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। दानवे ने कहा, ह्यह्यविपक्ष अफवाह फैला रहा है कि शिंदे गुट के कुछ विधायक पाला बदलना चाहते हैं। वास्तव में इन विरोधी दलों के विधायक बगावत करना चाहते हैं।

# दक्षिण मुंबई के एक गोदाम में लगी आग

## पास खड़े 14 वाहन खाक



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में बृहस्पतिवार को आधी रात के बाद एक गोदाम में आग लग गई, जिससे उसके पास खड़े 14 वाहन जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोदाम में बांस और अन्य सामग्री रखी थी। हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि आग गिरगांव इलाके के अंकुरवाड़ी स्थित गोदाम में लगी, जो उसके भूतल पर रखे रेग्जिन, फोम, बांस और अन्य सामान में फैल गई। उन्होंने बताया कि गोदाम के कार्यालय के पास खड़े छह चार पहिया वाहन और आठ दो पहिया वाहन आग में जलकर खाक हो गए। आग की चपेट में आने से गोदाम के भूतल का पूरा ढांचा ढह गया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर दमकल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तड़के करीब तीन बजे आग पर काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का उचित कारण अभी पता नहीं चल पाया है।



# किडनैप हुई बच्ची को पुलिस ने ढूंढ निकाला:

## दो दिन पहले फुटपाथ से उठाकर

## ले गया था शख्स, CCTV से पकड़ाया...!



**मुंबई :** मुंबई में मंगलवार को दो महीने की बच्ची का किडनैप कर लिया गया था। महज दो दिन बाद ही मुंबई पुलिस ने CCTV की मदद से बच्ची को ढूंढ निकाला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस में सेंट जेवियर्स स्कूल के पास एक महिला और उसका पति अपने तीन बच्चों के साथ फुटपाथ पर रहते हैं। मंगलवार रात को सभी लोग सो रहे थे तब एक शख्स आया और बच्ची को वहां से उठा ले गया। बुधवार सुबह बच्ची की मां उठी तो उन्होंने देखा की बच्ची वहां से गायब है। महिला ने बच्ची को आसपास ढूंढा लेकिन बच्ची का पता नहीं चला। स्थानीय लोगों से पूछताछ में भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर महिला पास के पुलिस थाने गई और बच्ची के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई।

**CCTV की मदद से पकड़ाया आरोपी...**

शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच और मुंबई पुलिस समेत 8 टीम जांच में जुट गई। जगह-जगह पुलिसबल तैनात किए गए। इस दौरान पुलिस ने इलाके से CCTV फुटेज भी निकलवाया, जब इसकी जांच की गई तो फुटेज में एक शख्स बच्ची को उठाकर ले जाता हुआ दिखा। इसके बाद पुलिस ने वडाला के एंटोप हिल इलाके से संदिग्ध का पीछा किया। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी का पता लगाया और बच्ची को आरोपी के कब्जे से छुड़ा कर उसकी मां को सौंप दिया।

**किडनैप कर बच्ची को बेचने की फिराक में थे आरोपी**

आरोपी की पहचान 46 साल के मोहम्मद हनीफ के रुप में हुई है। पुलिस ने हनीफ को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बच्ची को किडनैप करके बेचने की फिराक में था। इसमें उसकी पत्नी आफरीन भी शामिल थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को IPC की धारा 363 के गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

# विक्की कौशल की फिल्म से सारा की छुट्टी!

## इस दक्षिण अभिनेत्री ने ली एक्ट्रेस की जगह

अभिनेत्री सारा अली खान इंडस्ट्री के चर्चित स्टारकिड्स में शुमार हैं। सैफ अली खान की लाडली बेटी अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। अब उन्हें लेकर एक और खबर आ रही है, जो सारा के फैंस को निराश कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्की कौशल की बहु प्रतीक्षित फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' से सारा की छुट्टी हो गई है। दरअसल माना जा रहा था कि यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। लेकिन, अब खबरें हैं कि इस फिल्म पर काम शुरू हो रहा है। लेकिन, साथ ही इसमें बड़े स्तर पर बदलाव भी किया गया है। फिल्म में लीड एक्ट्रेस सारा अली खान को बदलने का फैसला किया गया है।

बता दें कि काफी वक्त से 'अश्वत्थामा' चर्चा में है। फैंस भी इस फिल्म के लिए बेकरार हैं। मगर,



अब कहा जा रहा है कि फिल्म अगले साल तक रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है कि। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में पहले अभिनेत्री सारा अली खान लीड रोल अदा करने वाली थीं। लेकिन, अब वह फिल्म से बाहर हो गई हैं। मेकर्स की माने तो फिल्म में विक्की के अपोजिट एक ऐसी एक्ट्रेस को कास्ट होना था, जो उनसे बड़ी दिखे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में अब काफी बदलाव किए गए हैं। फिल्म की पहले की स्क्रिप्ट के मुताबिक फिल्म में युवा फीमेल किरदार को दिखाना था, इसलिए सारा को साइन किया गया था। लेकिन, अब क्योंकि कहानी में बदलाव किया जा चुका है। इस हिसाब से किसी अभिनेत्री को लिया जाना है, जो फिल्म के लीड एक्टर विक्की कौशल से बड़ी हो। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने सामंथा रुथ प्रभु के नाम पर मुहर लगाई है। हालांकि अभी तक मेकर्स की ओर से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

सामने आ रहीं खबरों के मुताबिक फिल्म की लीड एक्ट्रेस को भले ही बदल दिया गया है, लेकिन विक्की कौशल अभी भी फिल्म का हिस्सा हैं। उनके रोल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। फिल्म को आदित्य धार डायरेक्ट करने वाले हैं। मेकर्स का कहना है कि फिल्म की स्टोरी सबसे जरूरी चीज होती है, जो आज के समय में मायने रखती है।

# मुम्बई-हावड़ा रूट को छोड़ MCL साइडिंग में चली गई थी साउथ बिहार एक्सप्रेस, बड़ा हादसा टला...!



**ब्रजराजनगर :** रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस लापरवाही का नतीजा बहुत भयावह हो सकता था लेकिन कंट्रोल रूम की समय पर की गई कार्यवाई तथा एक्सप्रेस ट्रेन के चालक द्वारा समय पर ट्रेन को रोक देने से यह बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुम्बई हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर 23 अक्तूबर को छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बिहार के राजेंद्रनगर जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस बेलपहाड़ स्टेशन से 12.57 बजे गुजर गई, इस ट्रेन को ब्रजराजनगर पहुंचना था। लेकिन रास्ते में वह लजकुरा स्टेशन से मैन लाइन को छोड़कर एमसीएल की चिंगरिगुड़ा रेलवे साइडिंग की ओर मुड़ गई। कंट्रोल रूम को जल्द ही इस गलती का आभास हो गया।

उन्होंने अविलंब चालक को ट्रेन रोकने की हिदायत दी। चालक ने ट्रेन रोकी तथा वापिस पीछे ले जाकर उसे पुनः मैन लाइन पर लाकर आगे की यात्रा शुरू की। ब्रजराजनगर के क्षेत्रीय रेल प्रबंधक आयुष खरे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही प्राथमिक जांच के बाद कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बेलपहाड़ स्टेशन प्रबंधक अपूर्व नाग तथा लजकुरा स्टेशन प्रबंधक दीपक पासवान को मामले की विस्तृत जांच होने तक अविलंब कार्य से निलंबित कर दिया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डीआरएम प्रवीण पांडे के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दिए जाने की जानकारी एआरएम श्री खरे ने दी है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। अगर कंट्रोल रूम द्वारा समय पर कार्यवाही नही होती तो ट्रेन साइडिंग में खड़ी मालगाड़ी से टकरा सकती थी। और जानमाल का भयंकर नुकसान भी हो सकता था।

# राजनीति में अयोध्या की गूंज...

## सीएम एकनाथ शिंदे जाएंगे राम नगरी



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवंबर में अयोध्या जाने का ऐलान किया है. शिंदे का अयोध्या जाना उस सिलसिले की एक और कड़ी है जहां महाराष्ट्र के राजनेता अपने आपको को हिंदुत्ववादी साबित करने के लिये अयोध्या जाते हैं. शिवसेना दो फाड़ है. उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के गुट के बीच खुद को हिंदुत्व का असली झंडाबरदार साबित करने के लिए होड़ लगी है.

एकनाथ शिंदे ने बीते मंगलवार (25 अक्टूबर) को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया कि वे नवंबर महीने में अयोध्या जाएंगे. महाराष्ट्र का सीएम बनने के बाद उनका ये पहला अयोध्या दौरा होगा. आखिरी बार उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने से चंद दिनों पहले ही उनके बेटे आदित्य ठाकरे के साथ वे अयोध्या गए थे. चर्चा ये भी है कि इस बार वे अपने सांसद बेटे श्रीकांत और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी साथ ले जाएंगे. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी होनी बाकी है. शिंदे का अयोध्या दौरा इसलिए अहम है क्योंकि इसे उनकी एक रणनीति के हिस्से के तौर पर देखा जा रहा है.

**असली हिंदुत्ववादी कौन है?**

जून में बगावत होने के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और शिंदे गुट में बंट गयी. दोनों ही अपने आपको सच्चा हिंदुत्ववादी साबित करने में जुटे हुए हैं. एकनाथ शिंदे ने ठाकरे से अलग होने के जो कारण गिनाएं उनमें से एक प्रमुख कारण ये बताया कि ठाकरे हिंदुत्व से विमुख हो गए हैं. साल 2019 में उन्होंने कांग्रेस-एनसीपी जैसी पार्टियों की मदद से मुख्यमंत्री बनने की खातिर बीजेपी से गठबंधन तोड दिया. हिंदुत्व के मुद्दे पर ही बीजेपी और शिवसेना में बीते 3 दशकों से गठबंधन होता आया था. अब अयोध्या जाकर शिंदे ये संदेश देना चाहते हैं कि उनका गुट ही असली हिंदुत्ववादी शिवसेना है.

# आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक भारत में, 28-29 अक्टूबर को



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति की एक विशेष बैठक, 28-29 अक्टूबर को भारत के मुम्बई और नई दिल्ली शहरों में हो रही है. समिति की इस विशेष बैठक के खास मुद्दे हैं: इंटरनैट व सोशल मीडिया, आतंकवाद के लिये वित्त, और मानव रहित वायु प्रणालियाँ यानि ड्रोन इत्यादि. इस बैठक में आतंकी गुटों द्वारा नई वर उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल और उससे पनपने वाले खतरों पर चर्चा होगी.

संयुक्त राष्ट्र के मादक पदार्थ निरोधक कार्यालय (UNODC) की प्रमुख गादा वॉली ने गुरूवार को सुरक्षा परिषद को बताया है कि पूरे अफ़्रीका क्षेत्र में, आतंकवाद और संगठित अपराध का ख़तरा लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने आगाह भी किया है कि अवैध तस्करी, लाखों लोगों को सम्मानजनक आजीविका से वंचित कर रही है.

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति की 28-29 अक्टूबर को भारत के मुम्बई और नई दिल्ली शहरों में शुक्रवार और शनिवार को एक विशेष बैठक होगी, जिसमें आतंकी गुटों द्वारा नई वर उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल और उससे पनपने वाले खतरों पर चर्चा होगी.

# मुंबई में छठ पूजा मनाने को लेकर सियासी दलों में मची होड़

# घाटकोपर में BJP और कांग्रेस-NCP आमने-सामने

**मुम्बई :** छठ पूजा को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों द्वारा इस वर्ष तैयारियां बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसका बड़ा कारण है आगामी कुछ महीने में होने वाले बीएमसी के चुनाव। अकेले मुम्बई में करीब 7 से 8 लाख बिहारी वोटर रहते हैं और अगर इसमें उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल के जिलों के लोगो की संख्या जोड़ दी जाए तो यह आंकड़ा 20 से 25 लाख के पार चला जाता है। पूर्वांचल में जिन जिलों के लोग छठ पूजा मनाते है उसमें गाजीपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मिजार्पुर, चंदौली, बांदा, हरिहर गंज, और रोहतास-सासाराम से सटे यूपी के बॉर्डर एरिया के लोग है। इसके अलावा बड़ी संख्या में हिंदी भाषी समाज भी जूहू चौपाटी, मढ आई लेंड, गोराई, पवई और छठपूजा आयोजन स्थलों पर जाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते है

अकेले मुम्बई की 227 सीटों में से 50 से ज्यादा सीटें ऐसी है जहां हिंदी भाषियों का वर्चस्व है। इसमें अगर वसई-विरार-नालासोपारा, ठाणे, नवी मुंबई,उल्हासनगर, जोड़ दिया जाए तो इसकी संख्या 100 सीटों के पार चली जाती है। इन सभी महानगरपालिकाओ में कॉर्पोरेशन के चुनाव होने हैं। यही कारण है कि इस साल भारतीय जनता पार्टी ने 'छठ -पूजा उत्सव' को बड़े पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया है।




महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने अब तक अपने मंत्रालय में 2 बार छठ पूजा आयोजकों के साथ बैठक की है और राज्य सरकार द्वारा जगह की तुरंत मंजूरी, छठ व्रतियों के लिए रातभर रुकने की व्यवस्था करवाने, पानी, बिजली, पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्था देने का आश्वासन भी दिया है ।हर साल जूहू चौपाटी पर उत्तर भारतीय और बिहार के लोक कलाकारों का छठ की शाम से अगले दिन सुबह अर्घ्य देने तक कई सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम होते हैं। जूहू चौपाटी पर अब तक बीजेपी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कुल 3 पंडाल लगते थे। लेकिन इस साल जूहू बीच पर कुल 5 पंडाल लगेंगे जिसमें 3 बीजेपी के होंगे।

इसके अलावा जहां-जहां बीजेपी के सांसद और विधायक हैं वहां ,उस इलाके में रहने वाले बिहारी और पूर्वांचली छठ व्रतियों के लिए अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने और अगले दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए विशेष व्यवस्था करने का आदेश पार्टी हाई कमान से जारी हुआ है। मामला चूंकि वोट से जुड़ा हुआ है यही कारण है कि अब छठ के आयोजन स्थल को लेकर कांग्रेस और एनसीपी बनाम बीजेपी की लड़ाई शुरू हो गई है।

मुम्बई के घाटकोपर के आचार्य अत्रे मैदान में छठ पूजा आयोजित करने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस-एनसीपी नेता आमने-सामने आ गए हैं। दोनों पक्ष दावा कर रहे है कि वह इस मैदान में बरसों से छठ पूजा करते आ रहे हैं और इस साल उनका हक बनता है। बीएमसी प्रशासन ने दोनों पार्टियों के झगड़े को देखते हुए अब तक किसी को मंजूरी नही दी है और ये मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। इस मैदान में कौन सी पार्टी छठ पूजा करेगी इसको लेकर 25 अक्टूबर को सुनवाई होगी ।बीजेपी नेता और प्रवक्ता भालचंद्र शिरसाट ने आरोप लगाया है कि एनसीपी की मुम्बई की नेता राखी जाधव धार्मिक मुद्दे पर राजनीति कर रही है जबकि राखी जाधव का आरोप है कि बीजेपी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और मैदान हथियाने के लिए पुलिस-प्रशासन से जोर जबरदस्ती करवा रही है।

## लड़की को आइटम कहना पड़ा महंगा, कोर्ट ने दोषी को 1.5 साल की जेल की सजा सुनाई...!



**मुंबई :** मुम्बई की एक पोक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफिंस) कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक व्यक्ति को डेढ़ साल जेल की सजा सुनाई है. आरोपी को सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि किसी लड़की को आइटम कहना अपमानजनक है. स्पेशल जज एसजे अंसारी ने कहा कि महिलाओं को अवांछित व्यवहार से बचाने के लिए इस तरह के अपराधों से सख्ती से निपटने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे सड़क छाप रोमियो को सबक सिखाने की जरूरत है. अदालत ने पोस्को एक्ट के तहत दोषी को निजी मुचलके पर भी रिहा करने से इनकार कर दिया. मामला 2015 का है जब अबरार खान नाम के एक शख्स पर मुंबई में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया था. तत्कालीन 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की शिकायत थी कि खान और उसके दोस्तों ने उसे परेशान किया. वारदात वाले दिन जब वह स्कूल से लौट रही थी, तो आरोपी ने उसके बाल खींचे और पूछा कि वह (आइटम) कहां जा रही है. जब लड़की ने आरोपी को रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस को फोन करने पर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया. इसके बाद लड़की अपने पिता के साथ साकीनाका पुलिस स्टेशन पहुंची और घटना की शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने तब आईपीसी की संबंधित धाराओं के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की थी.

## पत्रकारों को मंत्री ने दिया 50-50 हजार का गिफ्ट कार्ड, संपादक तक लग गए लाइन में

**मुम्बई :** पॉलिटिकल बीट कवर करने वाले पत्रकारों पर मां लक्ष्मी की कृपा दीपावली और धनतेरस पर जरूर बरसती है ।इस दीपावली भी मां लक्ष्मी की कृपा इन पॉलिटिकल पत्रकारों पर बरसी है। बरसे भी क्यों नहीं जब नेताजी को सालभर अपने बारे में तारीफ छपवाना हो तो ऐसा तो करना ही पड़ता है।इसका जीता जागता उदाहरण मुंबई में देखने को मिला। एक बड़े मंत्री ने अपनी पार्टी का बीट कवर करने वाले पत्रकारों को मंगलवार को 50,000-50,000 रुपए का गिफ्ट कार्ड दिया। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान किसी ने फोटो भी खींच ली। दरअसल, जिस मंत्री ने यह गिफ्ट कार्ड दिया है, उसने कहा था कि फोटो वगैरह न खींचे। लेकिन इसी बीच किसी ने खींच लिया और फोटो सकुर्लेट कर दिया।




इस मंत्री ने पत्रकारों को रिलायंस रिटेल का गिफ्ट कार्ड दिया। इसमें 20-20 हजार के दो और 10 हजार का एक कार्ड था। इसे पाने के लिए पत्रकारों की लाइन लगी रही। सूत्रों ने बताया कि एक हिंदी अखबार के संपादक ने खुद लाइन लगा लिया और बोला कि वह पार्टी का बीट कवर करते हैं। जबकि उनके पत्रकार जो बीट कवर करते हैं उनका नाम वहां की लिस्ट से गायब था। सूत्रों के मुताबिक मुंबई में आने वाले मनपा चुनाव को देखते हुए इसे एक बड़ा उपहार माना जा रहा है।

कहा जा रहा है कि उधर, किसी ने इसकी जानकारी आयकर विभाग को भी दे दी है। क्योंकि आयकर नियमों के मुताबिक एक साल में किसी शख्स को जो गिफ्ट्स मिलते हैं, उन पर पूरी तरह छूट है। लेकिन एक साल में इन गिफ्ट्स की वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

## कर्बला मुअल्ला-बगदाद शरीफ के लिये जायरीनों की रवानगी...!



**जबलपुर :** मध्यप्रदेश के जबलपुर से मुस्लिमों के तीर्थ स्थल कर्बला मुअल्ला और बड़े पीर सरकार गौसुल आजम दस्तगीर के रोजे की ज्यारत के लिये आज टूर्स सर्विस के जरिये जायरीन रेल्वे प्लेटफॉर्म 2 से गरीब रथ एक्सप्रेस से मुम्बई के लिये रवाना हुए. इस दौरान रिश्तेदार, परिजन, क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. जायरीनों में हाजी असग- अंसारी, मुल्ला शमशुद्दीन बढियाखेड़ा, एडवोकेट नसीम अंसारी सहित दर्जनों जायरीन आज रवाना हुए. रेल्वे स्टेशन पर जायरीनों का फूलमाला गुलपोशी इत्र से इस्तकबाल करते सेहरा पढ- वाली टीम ने हम्द ए नात और मनकबत पेश की. जायरीन 28 अक्टूबर को सुबह मुम्बई से हवाई जहाज से बगदाद के लिए रवाना होगें. जहां पर जायरीन हिंदुस्तान की तरक्की, अमनो -अमान और खुशहाली की दुआ करेंगे. स्टेशन पर प्यारे साहब, इकबाल खान, इखलाक खान, पूर्व पार्षद महमूद मंसूरी, अहमद पटेल, हाजी रशीद बाबू, सलीम खान, सरफ-ाज अंसारी सहित सैकड़ों लोगों ने जायरीन का फूलमालाओं से स्वागत किया.

## फिल्म प्रोड्यूसर को पत्नी ने दूसरी महिला के साथ रंगे हाथ पकड़ा हैरान कर देने वाली घटना CCTV में कैद...!

मुंबई में एक फिल्म प्रोड्यूसर ने अपनी पत्नी पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे पत्नी के सिर में चोट आईं। पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ शिकायत दर्ज की। दरअसल, फिल्म प्रोड्यूसर कमल किशोर मिश्रा का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह अपनी पत्नी को गाड़ी से टक्कर मारकर फरार हो जाते हैं।




यह पूरा मामला उपनगरीय मुंबई में एक आवासीय भवन के पार्किंग एरिया का है। पूरे मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। हिंदी फिल्म 'देहाती डिस्को' को प्रोड्यूस करने वाले फिल्म प्रोड्यूसर कमल किशोर मिश्रा पर 19 अक्टूबर को अंधेरी में अपनी पत्नी को कार से टक्कर मारने का आरोप है। फिल्म प्रोड्यूसर ने कथित तौर पर भागने की फिराक में पत्न ी को कार से टक्कर मार दी, जिससे पत्नी के सिर में चोट आई। घटना के बाद मिश्रा की पत्नी ने अपने पति के खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'शिकायत के आधार पर मिश्रा के खिलाफ अंबोली में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत अंबोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है.


मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाटसप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com